पेज थ्री देहरादून
400 किलोवाट सोलर पावर प्लान्ट का उद्घाटन शिल का अनावरण करते हुए सीएम।
देहरादून, शनिवार, 18 दिसंबर 2021 पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम में बदलाव से बढ़ी ठंड, कई इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी दून और आसपास के कई इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार हैं। मौसम केंद्र की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, 2500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हो सकती है। सर्दियों के मौसम में चोरी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। तीर्थनगरी में रात को कड़ाके की ठंड के बीच शातिर चोर सक्रिय हो गए हैं। पिछले पांच दिनों के दौरान चोरों ने तीन चोरियां की हैं। पुलिस गश्ती टीम की सुस्ती के चलते चोर महकमे को लगातार चुनौती दे रहे हैं।

### उत्तराखंड के सीओ अंकुश मिश्रा चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ साइबर कॉप

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पुलिस अफसर ने देश के सर्वश्रेष्ठ साइबर कॉप में पहला स्थान प्राप्त किया है।
उत्तराखंड के लिए यह गर्व का मौका है। राज्य पुलिस के सीओ साइबर अंकुश मिश्रा को यह अवार्ड मिला है। डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली में 16वें डीसीएसआई एक्सीलेंस अवार्ड 2021 आयोजित किया गया। जिसमें देश में चुने गए तीन सर्वश्रेष्ठ साइबर कॉप में उत्तराखंड ने पहला स्थान हासिल किया है। इसमें देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था।

### डीआईटी विवि के दो छात्रों को मिला 30 लाख प्रति वर्ष का पैकेज

**संवाददाता** 'देहरादून।' बी.टेक सीएसई बैच 2022 के यश विजान और उत्कर्ष राणा नाम के दो छात्रों ने 30 एलपीए के वार्षिक पैकेज के साथ सबसे बड़ी टेक दिग्गज अमेजन से उच्चतम प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त किया है। छात्र और उनके माता–पिता सुपर ड्रीम कंपनी के साथ प्लेसमेंट की पेशकश से खुश हैं और उनका सपना डीआईटी विश्वविद्यालय की मदद से पूरा हो सका।

### किआ कारेन्स भारत में हुई लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। किआ कॉरपोरेशन ने एक वर्ल्ड प्रीमियर इवेंट के दौरान आज भारत में कैरेंस को लॉन्च कर दिया। यह रिक्रिएशनल व्हीकल (आरवी) किआ की ओर से पेश किया गया भारत में निर्मित एक वैश्विक उत्पाद है, जो परिवार के साथ ट्रैवल करने वालों के लिए आरामदायक और एसयूवी की स्पोर्टीनेस से भरपूर एक आकर्षक पैकेज है। आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए डिजाइन की गई किआ कैरेंस एक आरामदायक और विशाल तीन–रो वाली एसयूवी है, जिसका व्हीलबेस अपने सेगमेंट में सबसे लंबा है।

# आज के तकनीक युग में स्मार्ट पुलिस का होना आवश्यक: सीएम

**फ्लैग ऑफ**

- सीएम ने किया हंस फाउण्डेशन द्वारा पुलिस विभाग को प्रदान किये गये वाहनों को फ्लैग ऑफ
- हंस फाउण्डेशन द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस को 101 वाहन प्रदान किये





**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय परिसर से हंस फाउण्डेशन द्वारा पुलिस विभाग को प्रदान किये गये वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। हंस फाउण्डेशन द्वारा ये वाहन उत्तराखण्ड पुलिस को हिल पैट्रोलिंग व इमरजेंसी रिस्पॉन्स हेतु दिये जा रहे हैं। हंस फाउण्डेशन द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस को 101 वाहन प्रदान किये जा रहे हैं। शुक्रवार को 21 वाहन प्रदान किये गये। इस अवसर पर हंस फाउण्डेशन के संस्थापक श्री भोले जी महाराज, माता मंगला जी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार भी उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड पुलिस के लिए दिये गये इस सहयोग के लिए हंस फाउण्डेशन के संस्थापक श्री भोले जी महाराज एवं माता मंगला का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के तकनीक युग में स्मार्ट पुलिस का होना आवश्यक है। उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा कोरोना काल में सराहनीय कार्य किया गया। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किये गये। राज्य में स्मार्ट पुलिस हो, सीमित संसाधन होने के बावजूद भी इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हंस फाउण्डेशन द्वारा पुलिस व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जो सहयोग दिया जा रहा है, यह जन सेवा करने में काफी कारगर साबित होगा। हंस फाउंडेशन द्वारा राज्य को हर क्षेत्र में सहयोग दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में राज्य को हर संभव मदद हंस फाउण्डेशन द्वारा दी गई है। कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही खाद्यान की उपलब्धता फाउण्डेशन द्वारा कराई गई।
माता मंगला ने कहा कि आज का दिन उत्तराखण्ड के लिए हर्ष का दिन है। उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां अलग हैं। हिल पैट्रोलिंग व इमरजेंसी रिस्पॉन्स हेतु उत्तराखण्ड पुलिस को जो वाहन मिले हैं, इससे जन सेवा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में आसानी होगी। उत्तराखण्ड में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की समस्याओं के समाधान के लिए हंस फाउण्डेशन द्वारा हर संभव सहयोग दिया जायेगा। आज पुलिस को 21 वाहन मिलने से राज्य के 21 क्षेत्रों के लिए सुरक्षा कवच मिल जायेगा।

> *हंस फाउंडेशन द्वारा राज्य को हर क्षेत्र में सहयोग दिया गया है।* —मुख्यमंत्री।

पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने हिल पैट्रोलिंग व इमरजेंसी रिस्पॉन्स हेतु पुलिस को उपलब्ध कराये गये वाहनों के लिए हंस फाउण्डेशन के संस्थापक श्री भोले जी महाराज एवं माता मंगला जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के आने से पुलिस को हिल पैट्रोलिंग व इमरजेंसी रिस्पॉन्स के लिए काफी सुविधा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट पुलिस की जो परिकल्पना की है, इस दिशा में यह एक अच्छा प्रयास है। इससे उत्तराखण्ड पुलिस को जन सेवा के करने में और सुगमता होगी।
इस अवसर पर पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# जनप्रतिनिधि का कर्तव्य जनता की समस्या का समाधान करना

**लोकार्पण**

- ऋषिकेश में 92 लाख रुपये की पथ प्रकाश योजना जनता को समर्पित



**संवाददाता**

ऋषिकेश। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हरिद्वार रोड पर आइडीपीएल गेट से श्यामपुर हाट बाजार तक डिवाइडर पर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से 92 लाख रुपये की लागत से निर्मित पथ प्रकाश व्यवस्था का विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पथ प्रकाश व्यवस्था की जगमगाहट से स्थानीय नागरिकों एवं बाहर से आने वाले सैलानियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को हरिद्वार मार्ग पर लोकार्पण समारोह के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि एमडीडीए के माध्यम से ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आंतरिक मोटर मार्गों के निर्माण के साथ–साथ पथ प्रकाश व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा है कि हरिद्वार रोड पर चारधाम यात्रा की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं योग नगरी ऋषिकेश की तरफ प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। इससे मोटर मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था का होना अति आवश्यक था। उन्होंने कहा कि जिस शानदार तरीके से मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने यह लाइट आधुनिक तकनीकी से लगाई गई है यह अपने आप में अभूतपूर्व है। अग्रवाल ने कहा है कि जनप्रतिनिधि का कर्तव्य जनता की समस्या का समाधान करना होता है और इस ओर वह निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में आंतरिक मोटर मार्ग सभी क्षेत्रों में दुरुस्त हो चुके हैं, जहां दुरुस्त होने की संभावना है वह कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होगा।
विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की चकाचौंध से हर व्यक्ति परिचित होगा, जिससे ऋषिकेश की अच्छी छवि बाहर से आने वाले सैलानियों के मन में भी जाएगी।

### सीएम ने किया 400 किलोवाट सोलर पावर प्लान्ट का उद्घाटन शिल का अनावरण

**संवाददाता** देहरादून/टिहरी गढ़वाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कल्स कमान्द में उत्तराखण्ड सौर उर्जा नीति –2013 के अन्तर्गत रुपये 1 करोड़ 92 लाख की लागत से स्थापित " ग्रिनोसिस एनर्जी सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड " 400 किलोवाट सोलर पावर प्लान्ट का उद्घाटन शिल का अनावरण एवं रिबन काटकर किया गया। जिला परियोजना अधिकारी उरेडा मदन मोहन डिमरी ने बताया कि यूपीसीएल के आरपीओ के दायित्वों की पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा नीति– 2013 की टाईप–1 श्रेणी के अन्तर्गत ग्रिड कनेक्टेट सोलर पावर प्लान्ट लाभार्थी विपिन तोमर की 22 नाली भूमि पर रुपये 1 करोड़ 92 लाख की लागत से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नमामि बंसल, पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह तोमर आदि उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।